समाचार

कोरबा की सड़कों पर चलना हुआ आसान, आवागमन हुआ सुरक्षितमुख्य सड़कों के साथ ही आवासीय क्षेत्रों की सड़कों का हो रहा कायाकल्प, 16 करोड़ रूपये से संवर रही कोरबा की सड़कें

कोरबा 28 फरवरी 2023 – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा शहर तथा इसके उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों का कायाकल्प किया जा रहा है, एक ओर जहॉ शहर के मुख्य मार्गो का सुदृढ़ीकरण कर बीटी रोड बनाई गई हैं, वहीं दूसरी ओर शहर की कालोनियों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों की आंतरिक सड़कां को संवारी जा रही है, पूर्व में किए गए 10 करोड़ रूपये की लागत से मुख्य सड़कों के निर्माण के अतिरिक्त वर्तमान में 16 करोड़ रूपये की लागत से शहर की आंतरिक सड़कें बनाई जा रही हैं, जिनमें से अधिकांश सड़कों का कार्य पूरा कर लिया गया, शेष का कार्य लगातार जारी है।

कोरबा की सड़कों पर चलना अब आसान व आवागमन सुरक्षित हो गया है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में अन्य विकास कार्यो के साथ–साथ कोरबा शहर एवं इसके उपनगरीय क्षेत्रों की सड़कों के जीर्णोद्धार, सुदृढ़ीकरण व बीटी रोड का निर्माण कर इन सड़कों के संवारने के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है, कार्य के अंतर्गत सड़कों का डामरीकरण तथा आवश्यकतानुसार सड़क चौडीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। निगम द्वारा 16 करोड़ रूपये की लागत से जिन बीटी सड़कों के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, उनमें से 60 प्रतिशत सड़कों का कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं शेष 40 प्रतिशत सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

इन सड़कों का कार्य पूर्ण– निगम द्वारा जिन सड़कों के डामरीकरण, जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया है, उनमें सुनालिया चौक से सीतामणी चौक तक बीटी रोड निर्माण, आई.टी.आई.चौक से चेकपोस्ट तक बीटी रोड निर्माण, खरमोरा हाउसिंग बोर्ड कालोनी से दादर चौक तक टार रोड निर्माण आदि कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार गुरूघासीदास चौक से एस.ई.सी.एल.गेट तक रोड बिडनिंग का कार्य प्रगति पर है, वहीं दादरखुर्द से भालूसटका तक बीटी रोड का निर्माण भी जारी है। इसी कड़ी में सुनालिया ब्रिज से अग्रसेन तिराहा तक बीटी रोड का निर्माण कार्य प्रगति पर है, वहीं महाराणा प्रतापनगर एच.आई.जी.कालोनी, शिवाजीनगर, आर.पी.नगर तथा मुड़ापार एस.ई.सी.एल.गेट से रेलवे कालोनी ग्राउण्ड तक बीटी रोड का निर्माण कार्य भी प्रगति पर एवं अंतिम चरण में है।

इन सड़कों का निर्माण होगा शीघ्र पूर्ण – नगर पालिक निगम केरबा द्वारा जिन सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूरा किया जाएगा, उनमें अग्रसेन तिराहा से सुनालिया ब्रिज तक बीटी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 07 गायत्री स्कूल से हनुमान मंदिर सामुदायिक भवन तक बीटी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 51 चौरसिया चिकन सेंटर

से एन.टी.पी.सी. तक बीटी रोड निर्माण, मैगजीनभांठा रविशंकर शुक्लनगर से बिरसामुड़ा तक बीटी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 67 गजरा के विभिन्न स्थानों पर सड़क डामरीकरण कार्य आदि शामिल हैं।

दर्जनों सड़कों में पेंच वर्क कार्य – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एक ओर जहॉ आवासीय कालोनियों व शहर की आंतरिक सड़कों का बीटी रोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, आंतरिक सड़कों में पेंच वर्क का कार्य कर सड़कों को सुधारा जा रहा है। सड़कों का पेंच वर्क कार्य किए जाने से इन सड़कों पर बने छोटे–बड़े गड्ढे समाप्त हो रहे हैं, सड़कों को मजबूती मिल रही है तथा इन पर आवागमन सुरक्षित रूप से सम्पन्न हे रहा है।

गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अभियंताओं व निर्माण एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सड़कों के निर्माण, डामरीकरण व सुदृढ़ीकरण के सभी कार्यो में वर्क क्वालिटी पर विशेष फोकस करते हुए कार्य की पूरी गुणवत्ता निश्चित करें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जाने वाली सभी सामग्रियॉ निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप हो, कार्य के दौरान निगम के अभियंता कार्य की निरंतर मानीटरिंग करें तथा स्वयं की देखरेख में कार्य संपादित कराएं। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा है कि वर्क क्वालिटी में किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा।